खबर संक्षेप

## माँ तुझे प्रणाम योजना हेतु आवेदन पत्र 04 सितम्बर 2025 तक आमंत्रित

**मण्डला।** राष्ट्रवाद की भावना से ओत-प्रोत ''माँ तुझे प्रणाम योजना'' म.प्र. शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र की सीमाओं के प्रति आदर का भाव विकसित करना, भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सैन्य गतिविधियों तथा दिनचर्या से अवगत कराना साथ ही राष्ट्र के प्रति समर्पण, नेतृत्व विकास पर मार्गदर्शन दिया जाना है। योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए विकासखण्ड स्तर पर 15 से 25 वर्ष ( दिनांक 31 दिसम्बर 2026 तक हो) के 10 युवाओं (05 युवक एवं 05 युवतियों) का चयन भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की अनुभव यात्रा प्रदेष के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक स्थानों से परिचयन कराये जाने के लिये किया जाना है। विकासखण्ड स्तर पर चयन में 01 एन.सी.सी., 01 एन.एस.एस., 01 खिलाड़ी, 01 मेधावी छात्र, 01 स्काउट एवं इसी मान से युवतियों का चयन किया जाना है। आवेदन पत्र के साथ फिटनेस सर्टिफिकेट/चिकित्सा, जोखिम एवं संबंधित थाने चरित्र प्रमाण पत्र, युवाओं के स्वयं के बैंक खाते की जानकारी (पासबुक की फोटोकॉपी, अकाउण्ट नम्बर, आई.एफ.एस.सी कोड) जमा करना अनिवार्य है। पूर्व में अनुभव यात्रा पर भेजे गये युवाओं का चयन नहीं किया जावेगा। योजना के आवेदन विभागीय वेबसाइट से भी प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र 04 सितम्बर 2025 तक कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण इण्डोर स्टेडियम मण्डला में जमा किया जा सकता है।

नगर परिषद बम्हनीबंजर का एक नया कारनामा

# चौकीदार को केशियर बनाने आरोप

*** सिर्फ वसूली का दिया गया था काम, कहा परिषद ने।**

हरिभूमि न्यूज मण्डला

*जिले की नगरपरिषदों में जिस तरह के कारनामें अंजाम दिये जा रहे हैं वे समझ से परे हैं पहले नगर परिषद भुआबिछिया में दैनिक वेतन भोगी के हाथों करोड़ों के लेन-देन की जिम्मेदारी सौंपी गई और लाखों के गबन की खबरें सामने आई अब नगर परिषद बम्हनी बंजर का मामला गर्मा रहा है जबकि यहां पदस्थ चौकीदार को कैशियर का काम दिये जाने के आरोप लग रहे हैं।*



नगर परिषद बम्हनी बंजर एक बार फिर विवादों में घिर गई है। इस बार मामला प्रशासनिक नियमों की धज्जियां उड़ाने का है, जहाँ नगर परिषद में चौकीदार पद पर कार्यरत हसन खान को अस्थायी रूप से कैशियर का कार्य सौंप दिया गया वो भी लाखों रुपयों के लेनदेन का जिम्मा संभालने के लिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर परिषद के नियमित कैशियर चंद्रमोहन घेसरे ने दिनांक 01/02/2022 से 11/02/2022 तक अवकाश हेतु लिखित आवेदन दिया था। इस दौरान नगर परिषद द्वारा लिखित आदेश के माध्यम से हसन खान को कैशियर का कार्य संपादित करने के निर्देश दिए गए।



यह कार्य सिर्फ नियमों का उल्लंघन ही नहीं, बल्कि वित्तीय प्रक्रियाओं की गंभीर अनदेखी भी मानी जा रही है। चौकीदार जैसे गैरप्रशासकीय पद पर कार्यरत कर्मचारी को राजकोषीय कार्य देना, नीतियों और सरकारी दिशा-निर्देशों की खुली अवहेलना है।

### नगर परिषद का पक्षः सिर्फ वसूली कर बैंक में जमा कराया गया

जब इस विषय पर नगर परिषद से सवाल किए गए, तो उनका कहना था कि हसन खान को सिर्फ वसूली कर उसे बैंक में जमा करने का कार्य सौंपा गया था। अन्य कोई कैशियर संबंधी कार्य उनसे नहीं कराया गया। परिषद ने आरोपों को गलत बताया है और कहा कि परिषद का कर्मचारी वसूली कर बैंक में जमा कर सकता है।

### पहले भी लग चुके हैं गंभीर आरोप

यह पहली बार नहीं है जब हसन खान विवादों में आए हों। कुछ समय पूर्व उन पर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का आरोप भी लग चुका है। आरोप है कि बीजाडांडी थाना क्षेत्र में हुई एक युवक की मृत्यु के प्रमाण पत्र के लिए बम्हनी परिषद ने यह कहते हुए मना कर दिया था कि प्रमाण पत्र वहीं से बनेगा जहाँ मृत्यु हुई है। इसके उलट, नागपुर में हुई एक अन्य महिला की मृत्यु पर उसी परिषद से प्रमाण पत्र जारी किया गया।

इन मामलों से यह सवाल उठता है कि क्या नगर परिषद की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और समानता है, या कुछ कर्मचारियों को विशेष संरक्षण प्राप्त है?

### प्रशासनिक लापरवाही या मिलीभगत?

लगातार उठते सवालों और बार-बार नियमों की अनदेखी के चलते नगर परिषद बम्हनी बंजर की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लग गए हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई करता है, और क्या दोषियों पर कोई ठोस कदम उठाया जाता है या यह मामला भी बाकी मामलों की तरह धूल फांकता रह जाएगा।

## 24 घंटे के अंदर अंधे कत्ल का हुआ खुलासा



हरिभूमि न्यूज मण्डला

दिनांक 21.08.2025 को थाना महाराजपुर अंतर्गत ग्राम बेरटोला में अज्ञात व्यक्ति के मृत होने की सूचना प्राप्त हुई। जिसपर पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटना स्थल मौके पर पहुंच घटना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा अज्ञात व्यक्ति की पहचान हेतु प्रयास किये गये पुलिस द्वारा घटना स्थल पर निरीक्षण के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर मृतक की पहचान गरीबा नंदा निवासी ग्राम सिंगारपुर थाना मोहगांव जिला मंडला के रुप में की। जिसकी सुचना पुलिस द्वारा मृतक के परिवारजनों को दी गई। थाना महाराजपुर में मृतक के बेटे की रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय सहिंता 2023 की धारा 103(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंडला के निर्देशन पर थाना प्रभारी महाराजपुर के नेतृत्व में आरोपी की तलाश पतासाजी हत्या के प्रकरण के खुलाशा हेतु टीम गठित की गयी दौरान तलाश पतासाजी के बेरटोला के ग्रामीण से दिनांक 21.08.2025 के सुबह एक संदिग्ध को देखे जाने की जानकारी प्राप्त हुईं। पुलिस टीम द्वारा उक्त बताए गए हुलिया के व्यक्ति को स्टाफ के साथ घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी राजेन्द्र पिता सुमरन परते उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम चिनगा थाना किदरई जिला सिवनी से अभिरक्षा में लेकर थाना लाकर गंभीरता से पूंछतांछ करने पर बताया कि बस स्टेंड मंडला में मृतक गरीबा मिला था जिससे बस स्टेंड में ही पहली बार मुलाकात हुई और परिचय हुआ था जो रात अधिक होने से आरोपी राजेन्द्र ने बेरटोला चलकर रुकने की बात मृतक से कहा दोनों ने मालीमोहगांव एवं बेरटोला के बीच बहेलियाटोला तिराह पर शराब पिये तथा ग्राम बेरटोला के चबूतरा में सोकर सुबह पुनः मुरुम खदान में जाकर कच्ची शराब पिये वहीं बातों बातों मे दोनों के बीच विवाद होने लगा तब आरोपी ने मृतक के सिर में लकड़ी से मार दिया जिससे मृतक जमीन पर गिर गया तब आरोपी ने बड़ा पत्थर उठाकर मृतक के सिर पर पटक दिया जिससे गरीबा की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

अनुविभागीय अधि. पुलिस पीयूष मिश्रा, थाना प्रभारी महाराजपुर निरीक्षक डॉ. जयसिंह यादव, उनि. लक्ष्मीचंद बिसेन, योगेन्द्र सिंह चौहान, भीमराव मेश्राम, आर अमित गरयार, ओमप्रकाश बघेल, शिवा नाविक, चालक विष्णु जंभारे, धन्नू वाटव केशव एवं थाना स्टाफ की भूमिका रही।

## सेमरखापा हाईस्कूल में गणित शिक्षक की नियुक्ति-विद्यार्थियों में उमंग, अभिभावकों में खुशी

हरिभूमि न्यूज मण्डला




ग्राम पंचायत अचली सेमरखापा स्थित पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल सेमरखापा में लंबे समय से रिक्त पड़े गणित शिक्षक का पद आखिरकार भर गया है। द वायरल डिजिटल एडीशन में इस विषय पर प्रमुखता से प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए सहायक आयुक्त वंदना गुप्ता ने त्वरित कार्यवाही की, जिसके फलस्वरूप सोमवार को गणित शिक्षक ने विद्यालय में कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस सकारात्मक बदलाव की खबर फैलते ही विद्यार्थियों और अभिभावकों में हर्ष की लहर दौड़ गई।

छात्रों ने बताया कि गणित शिक्षक के अभाव में उनकी पढ़ाई विशेष रूप से प्रभावित हो रही थी। अब त्रैमासिक परीक्षा की तैयारी सुचारु रूप से हो सकेगी।

ग्राम पंचायत अचली सेमरखापा के सरपंच सुशील भारतीया ने कहा, "ग्रामीण लंबे समय से गणित शिक्षक की मांग कर रहे थे। बच्चों का भविष्य संकट में था। सहायक आयुक्त ने तुरंत कार्रवाई कर शिक्षक भेजा, इसके लिए हम उनका आभार व्यक्त करते हैं।" उपसरपंच उपेंद्र पटैल ने भी अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा, "यह निर्णय समय रहते लिया गया है। परीक्षा पूर्व बच्चों को बड़ी राहत मिली है। सहायक आयुक्त को इसके लिए हार्दिक बधाई।" विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार हरदहा ने बताया, "गणित शिक्षक की नियुक्ति हो जाने से अब विद्यार्थियों की पढ़ाई व्यवस्थित होगी। हम प्रयास करेंगे कि कोर्स शीघ्र पूरा कराकर बच्चों को बेहतर परिणाम दिलाया जाए।" गांव के नागरिकों और अभिभावकों ने एक स्वर में कहा कि शिक्षक की नियुक्ति से बच्चों का भविष्य सुरक्षित हुआ है। उन्होंने सहायक आयुक्त की संवेदनशीलता और तत्पर कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए आभार जताया।

## प्रभारी कलेक्टर ने कटरा में ग्राम संगठन भवन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज मण्डला



प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने मंडला विकासखंड के ग्राम कटरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित ग्राम संगठन भवन का निरीक्षण किया। भवन की गुणवत्ता और निर्माण कार्य को देखा। प्रभारी कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस भवन का उपयोग ग्राम की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया जाए। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूह की बहनों के लिए यह भवन अत्यंत उपयोगी होगा जिससे उन्हें अपनी बैठकों तथा अन्य गतिविधियों के लिए किसी और परिसर की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को विभिन्न रोजगारोन्मुखी गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास करें।

नव निर्मित भवन में महिला स्व-सहायता समूह और उनके ग्राम संगठनों की बैठकें तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम इस भवन में आयोजित किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा शुक्ला, एसडीओ श्री आदित्य पांडे सहित संबंधित उपस्थित थे।

प्राकृतिक खेती | प्रत्येक तीन कलस्टर पर होंगे दो बायो इनपुट रिर्सोस सेंटर होंगे स्थापित।

# प्राकृतिक खेती हेतु 50 कलस्टर का चयन

*** कृषकों एवं समितियों से मांगे गये आवेदन।**

हरिभूमि न्यूज मण्डला






जिले में नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के अंतर्गत कुल 33 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) प्राकृतिक खेती हेतु चयनित कलस्टरों में स्थापित किया जाना है। जिले में कुल 50 कलस्टर को प्राकृतिक खेती हेतु चयनित किया गया है। प्रत्येक 3 कलस्टर पर 2 बीआरसी की स्थापना की जानी है। बीआरसी के लिये आवेदन स्थानीय कृषि उद्यमी किसान उत्पादक संगठन, स्व-सहायता समूह, प्राथमिक सेवा सहकारी समिति मर्या. से मांगे गये हैं।

बीआरसी स्थापना हेतु वि.ख. मण्डला में 3, नैनपुर में 2, मोहगांव में 2, बिछिया में 4, मवई में 4, घुघरी में 4, निवास में 4, बीजाडांडी में 4, नारायणगंज में 6 कुल 33 बायो रिसोर्स सेंटर स्थापित किये जायेंगे। आवेदन के साथ जरूरी दस्तावेजों में संस्था का पंजीयन, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं सदस्यों की सूची देना अनिवार्य है। साथ ही उत्पादों के भंडारण की व्यवस्था कम से कम दो वर्षों का प्राकृतिक खेती का अनुभव, बीआरसी संचालन का विस्तृत बिजनेस प्लान देना होगा। इसमें बीआरसी सेंटर का स्थान वहां की खेती की स्थिति, सेवा क्षेत्र का बाजार विश्लेषण, जागरूकता और विपणन की रणनीति, जैव इनपुट की बिक्री योजना में शामिल होनी चाहिए। प्राकृतिक खेती के लिए उत्पादित जैव-इनपुट की सूची, कच्चे माल की उपलब्धता और सोर्सिंग का विवरण भी देना होगा। बीआरसी के पास पशुधन, पौधों पर आधारित बायोमास जैसे- कच्चे माल की पर्याप्त उपलब्धता होनी चाहिये। यदि गौमूत्र और गोबर की आपूर्ति स्वयं के पास नही हो तो पांच किमी के दायरे में स्थित गौशाला से व्यवस्था करनी होगी। बीआरसी संचालन के लिये स्व-सहायता समूह, किसान उत्पाद संगठन, प्राथमिक सेवा सहकारी समिति मर्या. गौशाला, ग्राम पंचायत या अन्य समुदाय आधारित संगठन से साझेदारी का विवरण देना होगा। आवेदक को अपने खेत में जैव इनपुट का उपयोगकर्ता होना चाहिए। यदि कलस्टर क्षेत्र में कोई संस्था एफपीओ या समूह उपलब्ध या पात्र नही है तो वहां प्राकृतिक खेती करने वाले कृषि उद्यमी का चयन किया जायेगा।

बीआरसी की स्थापना एवं संचालन हेतु इच्छुक एन.जी.ओ, एफ.पी.ओ., पंजीकृत गौशाला, अन्य पंजीकृत संस्थाएं कार्यालय परियोजना संचालक आत्मा समिति, ग्राम गौंझी, मोहनदास आश्रम रोड जिला मण्डला तथा कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड स्तर पर विकासखण्ड तकनीकि प्रबंधक आत्मा से संपर्क कर आवेदन प्रारूप एवं विस्तृत दिशा-निर्देश प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 5 सितम्बर शाम 6 बजे तक प्रस्ताव भेजे जा सकेंगे।

## शाला केबिनेट का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

*** शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में सम्पन्न हुआ।**

हरिभूमि न्यूज मण्डला



शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में शाला केबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह नगर पालिका परिषद मंडला अध्यक्ष विनोद कछवाहा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया जिसमें उन्होंने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए बताया कि वे भी इसी विद्यालय में शाला उप नायक थे व उस समय की टीम और अभी की केबिनेट में बहुत अंतर है। केबिनेट को निर्णय लेना आसान होता है साथ ही केबिनेट को शाला के विकास के लिए जिम्मेदारी लेनी होगी। शपथ ग्रहण के पश्चात सभीसदस्यों को संबंधित बैच लगाकर सम्मानितकिया।

इसके पूर्व संस्था की प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव ने शाला कैबिनेट के निर्वाचित एवं मनोनीत सदस्यों शाला नायक,शाला उपनायक, सांस्कृतिक नायक/उपनायक, अनुशासन नायक/उपनायक, स्वच्छता नायक/उपनायक,स्वास्थ्य नायक/उपनायक, पर्यावरण नायक/उपनायक,खोया पाया नायक/उपनायक, क्रीड़ा नायक/उपनायक, सूचना एवं प्रसारण नायक/उपनायक सहित कक्षा केबिनेट के सभी सदस्यों को शपथ दिलाई।

हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत,सभी कक्षाओं में अपनी अपनी कक्षा एवं विद्यालय की सजावट एवं स्वच्छता हेतु प्रतिस्पर्धा कराई गई। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली कक्षाओं को पुरस्कृत किया गया।



प्रतिस्पर्धा का यह क्रम संपूर्ण सत्र चलेगा ताकि विद्यार्थियों में स्वच्छता का भाव उनके कार्य व्यवहार में शामिल किया जा सके। पूरे सत्र चलने वाली इस प्रतिस्पर्धा में विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि, अनुशासन एवं उनके स्वच्छता के अंक जोड़ कर प्रथम तीन कक्षाओं को क्रमशः स्वर्ण कक्ष रजत कक्ष और कांस्य कक्ष से विभूषित किया जाएगा।

मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शपथ केवल शब्दों का उच्चारण नहीं है, यह हमारे कर्तव्यों, जिम्मेदारियों और मूल्यों के प्रति निष्ठा की प्रतिज्ञा है। आज का यह समारोह हमें याद दिलाता है कि हम सब मिलकर ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। शपथ ग्रहण समारोह में आभार प्रदर्शन व्याख्याता आर के हरदहा ने किया।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण क्षेत्रों में आये दिन कई घंटों तक हो रही बिजली कटौती, अटल ज्योति योजना पर खड़े हो रही सवाल?

**हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को 24 घंटे बिजली उलब्ध कराने हेतु बड़ी ही जोर शोर से अटल ज्योति योजना का शुभारंभ किया गया था। मगर इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में आये दिन लगातार कई घंटों तक हो रही बिजली कटौती के चलते जहां लोग परेशन होते हुए देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर सरकार की अटल ज्योति योजना पर लोगों द्वारा सबाल खड़े करते हुए इसे अटक ज्योति योजना का नाम दिये जाने लगा है? इस संबंध में बताया जाता है कि चीचली नगर सहित सिंहपुर, आंडेगांव, गोटीटोरिया, पुंआरिया सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बिजली कटौती के चलते जहां आम लोग परेशान हो रहे है। वही दूसरी ओर इस समय चल रहे बारिश के मौसम में उमश भरी गर्मी के कारण मौसमी बीमारियों से लोग परेशान हो रहे है तो दूसरी ओर मनमानी कटौती ने रात के समय लोगों को चेन से सोना मुश्किल कर दिया गया है। जानकरी के अनुसार दिन और रात में की जा रही बिजली कटौती के कारण बच्चों बुर्जुगों के साथ महिलाओं की नीद उड़ गई है। इस संबंध में जब विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय एवं पावर हाउस में में बिजली कटौती को लेकर संपर्क किया जाता है तो वहा से एक ही जबाब मिलता है कि लाईन गाडरवारा से बिजली बंद होने के कारण हम कुछ नही बता सकते है या फिर कह दिया जाता है कि मेंनेटेन्स चल रहा है इस लिए बिजली बंद है? इस प्रकार से सुधार कार्य के नाम पर आये दिन कई घंटों तक बिजली बंद की जा रही है जिसके चलते जहां ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति तो प्रभावित होते हुए देखा जाता है, वही किसान भी अपने खेतों में लगाई गई गन्ना सहित अन्य फसलों में पानी देने के लिए परेशान होते हुए देखे जा रहे है?

### पुरानी बुराई को लेकर माँ बेटे के साथ लाठी से मारपीट करते हुये चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस मरघटा मुहल्ला निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरी मुहल्ले के टीकाराम अहिरवार से पुरानी बुराई चल रही है। जब में अपने घर के पास मंदिर पर बैठा हुआ था उसी दौरान टीकाराम अहिरवार व उसकी पत्नी आये और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देना शुरू कर दिया प्रार्थी द्वारा जब गाली देने से मनाया कि तो टीकाराम द्वारा लाठी से मारपीट शुरू किये जाने पर प्रार्थी की माँ बीच बचाव कराने आई तो उसके साथ भी आरोपी द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### घास काटने की बात को लेकर पति पत्नी के साथ की गई मारपीट

**गाडरवारा।** समीपसि डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम रायपुर निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह और उसकी पत्नी खेत में घास काटने के लिये गये हुये थें। उसी समय गांव का गन्दा अहिरवार आया और प्रार्थी की पत्नी को घाट काने की बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा।

**आटो चालकों की मनमानी को नजर अंदाज करना संरक्षण की मुद्रा को कर रही उजागर..?**

# आरपीएफ सहित रेल पुलिस की अनदेखी गाडरवारा स्टेशन पर रेल यात्रियों की जिन्दगी को डाल रहे खतरे में

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा






जहां एक ओर रेल विभाग द्वारा अपने यात्रियों के लिये अच्छी सुविधायक प्रदान करने के लिये नई नई व्यवस्थाये बनाते हुये देखा जा रहा है। मगर स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रेल पुलिस सहित रेल सुरक्षा फोर्स की उदासीनता के चलते रेल यात्रियों को जिस प्रकार से परेशानियों का सामना करते हुये देखा जा रहा है। यह सच्चाई किसी से छिपी नही है। क्योंकि नगर के रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर जिस तरह आटों चालकों की मनमानी देखने मिल रही है। इस सच्चाई को मीडिया द्वारा प्रमुखता के साथ उजागर किये जाने के बाद भी रेल पुलिस से लेकर रेल सुरक्षा फोर्स की चुप्पी निश्चित उनकी कार्यशैली पर सबाल खड़े करने से नही चूक रही है..? नगर के रेल्वे स्टेशन का जो नजारा देखने मिल रहा है उससे यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि मानों रेल प्रशासन द्वारा आटों सहित वाहन मालिकों को मनमानी करने के लिये पूर्णरूप से छूट प्रदान कर दी गई है। इसी का परिणाम है कि वह रेल्वे प्लेट फार्म के मुख्य द्वार के सामने खड़े होकर जिस तरह मनमानी करते हुये देखा जा रहा है उसके चलते रेल यात्रियों का प्लेट फार्म से नीचे आना मुश्किल हो रहा है। इस स्थिति में रेल यात्रियों की जिन्दगी खतरे से खाली नही बच पा रही है..? क्योंकि रेल यात्रियों की सुरक्षा से लेकर रेलवे प्टेल फार्म व परिसर की संपूर्ण जिम्मेदारों रेल सुरक्षा फोर्स सहित रेल पुलिस की होती है। मगर स्थानीय रेलवे स्टेशन के हाल तो यह बने हुये है कि मानों आरपीएफ व जीआरपी पुलिस को कोई लेना देना ही नही है..? इसी का परिणाम है कि जहां आटों चालक अपनी सबारियाँ बैठने के लिये रेलवे प्लेट फार्म के मुख्य द्वार पर अपने आटों खड़े करते हुये यात्रियों का इंतजार करने से नही चूकते है। वही दूसरी ओर रेल्वे स्टेशन के लिये अपने किसी रिस्तेदार या फिर सगे संबंधी को लेने के लिये पहुंचने वाले लोगों द्वारा भी अपने वाहनों को मुख्य द्वार के ठीक सामने खड़े कर दिये जाते है। इस स्थिति में जब रेल यात्री प्लेट फार्म से नीचे आते है तो उन्हे परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है। इसमें सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को झेलने पड़ती है जब कोई रेल यात्री यात्रा करने के लिये स्टेशन पहुंचता है और उसकी ट्रेन प्लेट फार्म पर खड़ी होने के साथ साथ छूटने की स्थिति में रहती है तो इस तरह स्टेशन के मुख्य द्वारा पर अघोषित रूप से बने हुये वाहन स्टेशन के चलते लोग अपनी ट्रेन पकड़ने से चूक जाते है। इस दौरान सबसे अधिक महिला यात्रियों को झेलते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि मुख्य द्वार पर खड़े होने वाले वाहनों के चलते महिलाओं का प्लेट फार्म पर पहुंचने से लेकर नीचे आना भी मुश्किलों से खाली नही रहता है। हद तो तब हो जाती है जहां रेल्वे प्लेट फार्म के पास अपने वाहनों के साथ मनचले खड़े हुये ट्रेन से आने जाने वाली महिलाओं के साथ छिटाकशी करने से नही चूकते है। इतना ही प्लेट फार्म के सामने पड़े हुये रेलवे की खाली जगह पर अनेक तत्वों द्वारा नियम विरूद्व जिस तरह से अपने चाय, पान सहित अन्य प्रकार की सामग्री विक्रय करने वालों द्वारा हाथ ठेले स्थापित किये गये है उन पर दिन भर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहने के चलते वह महिला यात्रियों को आते जाते समय छिटाकशी करने में कोई कसर नही छोड़ते है। इस तरह नगर के रेल्वे स्टेशन की लगातार बिगड़ रही व्यवस्थाओं के चलते रेल यात्रियों को जहां दहशत में देखा जा रहा है..? इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा बीते हुये 21 मई के अंक में प्रमुखता के साथ उजागर किया गया था। इस सच्चाई को लेकर नगर के समाज सेवी आशीष राय द्वारा भी रेल प्रबंधन से आटों व वाहन चालकों की मनमानी को रेल सुरक्षा फोर्स द्वारा नजर अंदाज किये जाने की शिकायत किये जाने के बाद रेल प्रबंवधन द्वारा गंभीरता से लेते हुये एक पत्र जारी करते हुये कार्यवाही का भरोसा दिया गया था। इस आदेश के चलते चंद दिनों तक रेल सुरक्षा फोर्स के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ रेल पुलिस द्वारा कार्यवाही के चंद दिनों तक औपचारिता निभाई गई थी। मगर वह चार दिन की चांदनी फिर अधियारी रात साबित होने से नही चूका..? इस तरह रेल सुरक्षा फोर्स की उदासीनता पूर्ण कार्य प्रणाली का परिणाम है कि गाडरवारा रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की जिन्दगी खतरे से खाली दिखाई नही दे रही है। वही दूसरी ओर आटों चालको सहित अन्य वाहन मालिकों के हौसले पूर्ण बुलंदियों पर नजर आ रहे है..? वही दूसरी ओर रेलवे स्टेशन परिसर के अंदर यानि की रेल विभाग की भूमि पर जिस तरह अवैध रूप से अतिक्रमण करते हुये दुकाने सजी हुई है उन पर दिन भर तत्वों का जमावड़ा लगा रहने के चलते महिला यात्रियों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करते हुये देखा जा रहा है..? बताया जाता है कि रेल विभाग की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अपने हाथ ठेला स्थापित करते हुये पान, फूटा फल्ली सहित अन्य प्रकार की दुकाने स्थापित की गई है। इन दुकानों पर आवारा गर्दी करने वालों के दिन भर मटर गस्ती करते हुये देखा आना आम बात बन चुकी है। रेल प्रबंधन से आमजन द्वारा मांग की जाती है कि रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म मुख्य द्वार के सामने खड़े होने वाले आटों सहित अन्य वाहनों के आलवा रेल्वे स्टेशन परिसर में नियम विरूद्व स्थापित की गई दुकानों को हटवाया जावे।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया स्नेह मिलन व सम्मान




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** अंतर्राष्ट्रीय संस्थान ब्रह्म कुमारी माउंट आबू से पधारे हमारे राज योगी ब्रह्मा कुमार रुपेश भाई के पावन सानिध्य में श्रेष्ठ समाज के निर्माता प्रभु-प्रेमी, समाजसेवियों का स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन बीते हुये दिवस स्थानीय ब्रम्हकुमारी आश्रम में आयोजित किया गया। बताया जाता है कि इस दौरान दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वही नगर के समाजसेवी संस्थाओं के संस्था प्रमुखों का स्वागत,सम्मान साल तथा स्लोगन के माध्यम से किया गया। इस दौरान जिले की संचालिका कुसुम दीदी एवं गाडरवारा सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका ब्रह्माकुमारी उर्मिला दीदी द्वारा सभी को तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भोग व प्रसादी के आयोजन में शामिल होकर अनेक लोगों ने प्रसादी ग्रहण की गई। इस दौरान डॉ.पूनम ढोहरे पशुचिकित्सक, बृजेश कौरव, राजेश शर्मा, अजय खत्री कदम संस्था, नीलेश साहू विधानसभा प्रतिनिधि तेलघानी बोर्ड, रफीक खान एडवोकेट, डॉ.बी.पी गुप्ता, विशाल सिंह ठाकुर राम रोटी संस्था, आशीष राय साईं समिति, मुकेश बसेड़िया बिजासेन पैरामेडिकल, ब्रज रतन काबरा मानव सेवा संघ, ज्ञान डागा ओसवाल समाज,जवाहर शर्मा , सुरेंद्र साहू रोटरी क्लब, अब्दुल फिरोज खान पत्रकार के आलवा शिरोमणि चौधरी समाजसेवी, ममता पांडे नारी कल्याण केन्द्र, मधुमति चौहान लाइनेस क्लब,अंकित जैन इनरव्हील क्लब, अनुराधा काबरा माहेश्वरी समाज, रश्मि धनारे, संजू शर्मा पतंजलि योग समिति,हरीश स्थापक ब्राह्मण समाज,अबरार खान मुस्लिम समाज,परीब्राजक गायत्री परिवार, अनूप सहित नगर के अनेक लोग मौजूद रहे।

# बैगलेस डे पर सांगई स्कूल के विद्यार्थियो ने मिट्टी के गणेड बनाते हुये दिया पर्यावरण की रक्षा का संदेश



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** पर्यावरण के साथ लगातार हो रहे खिलबाड़ का परिणाम है कि आज हमारे सामने नई नई बीमारियाँ जन्म लेते हुये मानव के प्राणों को संकट में डालने से नही चूक रही है। क्योंकि खाने पीने से लेकर प्रदर्शन होने वाले कार्यो के बीच खुलेआम पर्यावरण की सुरक्षा को नजर अंदाज किया जाना भारी पड़ने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर धार्मिक आयोजनों के दौरान जिस तरह प्रतिमाओं ने पीओपी का स्थान पा लिया गया है वह भी अब पर्यावरण को क्षति पहुंचाने में पीछे नही है। इसी प्रकार से बीते हुये दिवस बच्चों ने मिट्टी के गणेश बनाते हुये पर्यावरण की रक्षा का अनोखा संदेश देते हुये देखा गया। बताया जाता है कि बीते हुये शनिवार को ग्राम साँगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार बैगलेस डे मनाते हुए बालसभा में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्र छात्राओं ने मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमाएँ बनाकर उन्हें आकर्षक ढंग से सजाते हुये लोगों को पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये गणेशोत्सव के दौरान मिट्टी से निर्मित प्रतिमाओं की स्थापना करने के लिये जागरूक किया गया। बताया जाता है कि इस दौरान विद्यार्थियों ने लेपटॉप, कागज की नाव एवं रॉकेट भी बनाये। बैगलेश डे गतिविधियों के प्रभारी शिक्षक मधुसूदन पटैल ने बताया कि मिट्टी के गणेश प्रतिमाये बनाने के लिए बच्चों में गजब का उत्साह देखा गया एवं सभी ने सुंदर और आकर्षक मूर्तियां बनाई। छात्रा लक्ष्मी केवट, ज्ञानवती केवट एवं अंकिता धानक सहित अन्य ने बताया कि मिट्टी की मूर्तियां ही हम सभी को घरो पर विराजमान करना चाहिये। बैगलेस डे की गतिविधियों के आयोजन में प्रधान पाठक दशरथ प्रसाद जाटव, विवेक नाईक, देवेंद्र ठाकुर,किरण लता ठाकुर एवं अतिथि शिक्षक चंद्रभूषण नामदेव, अक्षर साथी फूलवती केवट मौजूद रहे।

### दुकान पर पानी उचटाने की बात पर हुआ विवाद

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार जवाहर वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैं नगर के झंडा चौक पर मंगलदीप नाम से कपडे की दुकान चलाता हूं, मेरी दुकान के सामने राम किशोर जबाज की गिफ्ट आईटम की दुकान है जो राम किशोर आये दिन दुकान के सामने झाडू लागने के दौरान कचडा व गंदा पानी मेरी दुकान पर उचटाता है। इस बात को लेकर अनेको बार समझाईश देने की बात भी बीते हुये जब वह पानी उचटा रहा था तो मेरी दुकान के नये कपड़ा पर पड़ने से दुकान के कपडा खराब हो रहे थें। जब प्रार्थी द्वारा इस तरह पानी उचटाने से मना किया तो आरोपी द्वारा गंदी गंदी गालिया देने लगा जब प्रार्थी द्वारा राम किशोर द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। टटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुये जांच में लिया गया है।

# खाद्य विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से बीच जा रही एक्सपायरी तिथि की सामग्री

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।






जिस प्रकार से सरकार द्वारा कुछ वर्ष पूर्व शुद्व के लिये युद्व की मुहिम चलाते हुये आम जनता के स्वास्थ्य के प्रति अपनी सजकता दिखाई गई थी। वह मात्र चार दिन की चांदनी फिर अधिकारी रात ही साबित होते हुये जान पड़ी? क्योंकि इस मुहिम के चलते निश्चित तौर से जहां संबंधित विभाग के अधिकारियों की चांदी होने से नही चूकी थी..? वही दूसरी ओर मिलावटी सामग्री की जांच मात्र एक औपचारिकता पूर्ण ही जान पड़ी थी और इस मुहिम के कुछ दिन चलने के बाद जिस प्रकार से ठंडे वस्ते में जाते हुये देखी जा रही है उसके चलते फिर बाजार में मिलावटी सामग्री से लेकर गुणवत्ता हीन और जिस सामग्री की उपयोग करने की तिथि ही समाप्त हो चुकी है उसका विक्रय होते हुये देखा जा रहा है। बताया जाता है कि मार्केट में इन दिनों डिब्बा बंद खाद्य पदार्थो की मांग खासी बढ़ गई है। क्योंकि खुले समाान में शुद्वता की गारंटी नहीं होने और स्वास्थ्य पर पड़नें वाले प्रभाव के चलते लोग पैक आईटम की ओर आकर्षित होने से नही चूक रहे है और इसी का फायदा दुकानदारों द्वारा उठाते हुये उन्हें गुणवत्ता हीन तथा उपयोग करने की तिथि समाप्त हो चुकी सामग्री विक्रय करते हुये देखे जा रहे है। इस बात की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम पनागर की एक दुकान पर उस समय देखने मिली जब एक दुकान से बच्चों द्वारा विस्कुल खरीदे जाने के बाद जब उन बच्चों को उल्टी होने लगी। इस तरह जब परिवार के लोगों द्वारा उस विस्कुट के पैकिट को देखा गया तो उसमें उपयोग करने की तिथि दो साल पहले यानि की वर्ष 2023 के अगस्त माह में समाप्त हो चुकी है। इस तरह एक्सपायरी तिथि की सामग्री विक्रय होने से मासूम बच्चों की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक रही है। मगर हैरत इस बात की है कि जिले में पदस्थ खाद्य विभाग के अधिकारियों को शायद ही आज तक किसी ने इस तरह क्षेत्र की दुकानों का निरीक्षण व कार्यवाही करते हुये कभी देखा गया हो..? यह बात जरूर है तक तीज त्यौहार के समय जरूर यह अधिकारी चंद दुकानों पर सामग्री जांचने की औपचारिकता निभाते हुये देखे जाते है। इस तरह औपचारिकता पूर्ण कार्यवाही के चलते लक्ष्मी पूजन में मग्न रहने का परिणाम है कि मासूम बच्चों से लेकर आम लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक पा रही है। चुक पा रहे है और इसके चलते बाजार में नामी गिरामी कंपानियों की विभिन्न वैरायटी के प्रोडक्ट आ रहे है जो बच्चों से लेकर बड़ो तक की पसंद बन गए है। मगर गौर किया जावे तो बाजार में कंपनियों से मिलते जुलते ब्रांडों की भी बाढ आई हुई है यह सेहत पर क्या असर डालेंगे। इस बारे में न तो दुकानदार जान रहा है और न ही खाद विभाग को इतनी फुर्सत है कि इनकी जांच करें? बस दुकानदार तो कमीशन अधिक होने के फेरे में इन्हे बेचने में रूचि दिखाते हुए दिखाई दे रहे है जिसके चलते आम लोगों की जिन्दगी पूर्ण रूप से खतरे में दिखाई देने लगी है? अक्सर देखा जाता है कि बिना आई एस आई मार्क के भी प्रोडक्ट मार्केट में खुलेआम बेचे जा रहे है जो हानि कारक बताये जाते है। इन प्रोडेक्टों की सच्चाई इस प्रकार से बनी हुई दे।

# जनशिक्षा केन्द्रो पर आयोजित हुआ शैक्षिक संवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।




राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में विकास खंड साईंखेडा एवं चीचली के समस्त जन शिक्षा केन्द्रो में कक्षा पहली एवं कक्षा दूसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों का शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। चीचली के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में शैक्षिक संवाद को संबोधित करते हुए विकास खंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल ने शैक्षिक संवाद के उद्देश्य, डिजाइन, संवाद की उपयोगिता तथा प्राप्त कौशलों का कक्षा कक्ष में उपयोग पर अपने विचार रखे। वही उत्कृष्ट विद्यालय के शैक्षिक संवाद प्रभारी सत्यम ताम्रकार द्वारा अकादमिक विषय पर चर्चा करने के साथ विद्यालय और कक्षा कक्ष से जुड़े अनुभव, प्रतिभागियों को बातचीत के समान अवसर तथा संवाद के अंत में गुणवत्ता एवं फीडबैक पर चर्चा की गई। वही गाडरवारा के कन्या नवीन जनशिक्षा केंद्र में डाइट व्याख्याता संजय शर्मा द्वारा संवाद के विषय-प्रभावी शिक्षण में हिंदी शिक्षक संदर्शिका की भूमिका के अंतर्गत धारा प्रवाह पठन एवं समझ पर अनुभव, कक्षा प्रबंधन रणनीति, कक्षा में आवधिक आकलन इत्यादि पर उपस्थित प्रतिभागियों से विस्तृत संवाद किया। साईंखेडा बीएसी पवन राजोरिया ने भी इस दौरान कहा कि सभी शिक्षक संवाद में मिले नवाचारो का प्रयोग अपने स्कूलों में करें। इसी क्रम में साईखेडा ब्लॉक के आदर्श स्कूल, आमगांव छोटा,बम्होरी कला, पलोहा बड़ा, उत्कृष्ट साईंखेड़ा सहित चीचली विकास खंड के अन्य सात जन शिक्षा केंद्रों करपगांव, शाहपुर, बारहाबड़ा, सूखाखैरी, तेंदूखेड़ा कठौतिया, सालीचौका में सहजकर्ताओं के माध्यम से शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया।

# आकाशीय बिजली गिरने से सागौन का पेड़ हुये क्षति ग्रस्त



**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** इन मिनिट में मौसम का जिस तरह खेल चल रहा है कि चंद मिनिटों में धूप निकल आती है तो चंद मिनिटों के अंदर आसमान पर काले बादल छाते हुये तेज गरज के साथ बारिश शुरू कर देते है। वही बारिश के दौरान तेज गिरज के साथ जहां तहां आकाशीय बिजली गिरने के दौरान मानव जीवन के साथ साथ पशु पक्षियों की जिनदी भी खतरे से खाली दिखाई नही दे रही है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस ग्राम खुलरी में देखने मिली। बताया जाता है कि अचानक आसमान पर काले बादल छाने के बात तेज गरज के साथ हुई बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने की आवाज सुनकर जहां लोग शहम गये। बताया जाता है कि यह आकाशीय बिजली एक किसान के खेत पर लगे हुये पुराने सगौन के पेड़ पर गिरी जिसके पेड़ क्षतिग्रस्त होने से नही बच पाया। वह तो अच्छा हुआ कि जब यह बिजली गिरी उस समय पेड़ के नीचे कोई नही था। यदि कोई पेड़ के नीचे होता तो बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता था।

# जनपद पंचायत सांईखेड़ा में आयोजित हुई माटी गणेश- सिद्ध कार्यशाला सह प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।




राज्य शासन के पर्यावरण की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मप्र जनअभियान परिषद द्वारा प्रत्येक विकास खंड में माटी गणेश-सिद्ध गणेश कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इस अभियान में जनप्रतिनिधि, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, विद्यार्थी और आम नागरिक शामिल हो रहे हैं। नागरिकों को मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। इसी क्रम में मप्र जला जनअभियान परिषद के तत्वावधान में माटी गणेश- सिद्ध गणेश पर कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन जनपद पंचायत सांईखेड़ा के सभागार में आयोजित किया गया। बताया जाता है कि यह अभियान राज्य शासन के नेतृत्व में पूरे प्रदेश के गांव- गांव, सेक्टर व विकास खंड स्तर पर कार्यशालाएं सह प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यशाला सह प्रशिक्षण में लोगों को शुद्ध मिट्टी से निर्मित गणेश जी की प्रतिमा बनाकर स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे मिट्टी से निर्मित गणेश जी की प्रतिमा के विसर्जन किसी भी प्रकार का जल प्रदूषण न हो। इसके उपरांत विकास खंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। वही कार्यशाला के अंत में जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद जयनारायण शर्मा ने सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। मिट्टी गणेश निर्माण कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सीईओ जनपद सांईखेड़ा विशाल सोनी, नर्मदा समग्र के रेवाशंकर कटारे, हरिगोपाल श्रीवास्तव, विकास खंड समन्वयक सुश्री स्मिता ढांडे, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, नवीन ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं, सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के मेंटर्स व विद्यार्थी, माटी कला से जुड़े कार्यकर्ता और आम नागरिकों ने सहभागिता की गई।

## खबर संक्षेप

### मां नर्मदा ट्रांसपोर्ट ओनर एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी का गठन



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मां नर्मदा ट्रांसपोर्ट ओनर एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें रवि राठौड़ को अध्यक्ष, प्रशांत त्रिपाठी को कार्यकारी अध्यक्ष, सूरज तंवर, जितेंद्र गौतम, केशव राठौर एवं बबलू जायसवाल को उपाध्यक्ष, सुरेंद्र पांडे को सचिव, शैंकी अग्रवाल को कोषाध्यक्ष तथा नारायण सिंह को सह सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।गठन उपरांत सभी पदाधिकारियों का संगठन के सदस्यों एवं ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों द्वारा पुष्पमालाओं से स्वागत कर बधाई दी गई। नवीन कार्यकारिणी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत त्रिपाठी ने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। साथ ही व्यवसायियों की समस्याओं के निराकरण और उनके हितों की रक्षा के लिए नई टीम प्रभावी भूमिका निभाएगी। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए विश्वास दिलाया कि संगठन के उत्थान और व्यवसायियों के हक के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे।

### वीरता पदक से सम्मानित पुलिस अधीक्षक को पत्रकार परिषद ने दी बधाई



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान को राष्ट्रपति द्वारा वीरता पदक से सम्मानित किए जाने पर जिलेभर में हर्ष का माहौल है। इसी कड़ी में पत्रकार कल्याण परिषद के पदाधिकारियों ने एसपी कार्यालय में पहुंचकर उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि 15 अगस्त को देशभर में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस सूची में अनूपपुर जिले के एसपी मोतिउर रहमान का नाम भी शामिल रहा। यह सम्मान उन्हें अपराध नियंत्रण, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बेहतरीन संचालन और आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार जैसे उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है।

### परिजनों ने जेल प्रबंधन पर लगाया आरोप, समय पर नहीं मिला इलाज

# सजायाफ्ता कैदी की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

**डिंडौरी** शनिवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान जिला जेल में सजायाफ़्ता कैदी की मौत हो गई।जेल प्रबंधन ने देर रात लगभग 2 बजे एंबुलेंस के जरिए सीने में दर्द उठने की वजह से भर्ती करवाया था।वही मृतक के बेटे ने समय पर इलाज न मिलने के आरोप लगाए है।जेल प्रबंधन का कहना है कि प्राथमिक इलाज दिया गया था।

- पत्नी की मौत पर सजा काट रहा था मृतक कैदी जेल में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ श्याम लाल बरकड़े ने बताया कि कैदी पवन धुर्वे के खिलाफ 306,498 के तहत न्यायालय द्वारा पांच साल की सजा सुनाई गई थी।15 फरवरी 2024 को जेल में दाखिल हुआ था।शुक्रवार की देर रात लगभग डेढ़ बजे अचानक उसके सीने में दर्द हो रहा था।जेल में ही प्राथमिक उपचार करने के बाद



जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहां उसकी मौत हो गई।



### परिजनों का आरोप मिलने गए तो ठीक था पवन, सुबह साढ़े आठ बजे सूचना क्यों

सिटी कोतवाली क्षेत्र के बुधगांव निवासी मृतक के बेटे पुष्पेंद्र धुर्वे ने बताया कि 09 अगस्त को मैं जेल में पिता से मिलने गया था।तो वो ठीक थे ,उन्हें कोई बीमारी नहीं थी।मेरे बोले रहे थे कि घर ,खेती का ध्यान रखना।आज सुबह साढ़े आठ बजे जेल से फोन गया कि तुम्हारे पिता की मौत हो गई है। उनको समय पर इलाज नहीं मिला और हमें समय पर सूचना दी जानी थी।

### कैदी की पत्नी की 6 साल पहले हुई थी मौत

बेटे ने बताया कि मां लीला बाई की मौत 06 साल पहले हो चुकी है।पिता पर दहेज प्रताड़ना और मौत के लिए उकसाने का केस दर्ज हुआ था और न्यायालय से उन्हें सजा हो गई थी।बड़ी बहन प्रियंका है उसकी शादी हो चुकी है।घर में मै अकेला बचा हूं।जानकारी मिलने के बाद तहसीलदार आर पी मार्को पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे,पंचनामा की कार्यवाही जारी है।

### सरस्वती शिशु मंदिर में जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता हुई संपन्न



**डिंडौरी।** सरस्वती शिशु मंदिर ग्राम सरहरी द्वारा जिला स्तरीय क्रीड़ा एवं बौद्धिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य, जिला उपाध्यक्ष मनोहर सिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर की मौजूदगी में यह क्रीडा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग डेढ़ सौ छात्र-छात्राओं के द्वारा खेल प्रतियोगिता जिसमें शाहपुर करंजिया, कंचनपुर, समनापुर, गाड़ासरई ऐसे अनेक विद्यालयों से बच्चों ने खेल भावना एवं बौद्धिक प्रतियोगिता में भाग लिया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्या भारती दिलीप नंदा, संकुल प्रमुख बृजेंद्र संयोजक तुलसीराम, लोकराम, संतोष पड़वार, राजेंद्र ठाकुर, अरविंद झरिया, नितिन, संगीता नंदा, गोवर्धन, रूपलाल, कमलेश त्रिपाठी, सुखराम, संतोष कुमार सोन सिंह चौहान चैन सिंह देवेंद्र बर्मन दुर्गा नामदेव पूजा चौकसे तुलसी बर्मन क्रांति, रामबाई मरावी सहित सरस्वती विद्यालय के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# शिक्षकों के स्थानांतरण आदेश निरस्त, कलेक्टर ने शासन से किया पुनर्विचार का अनुरोध

**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा 21 अगस्त 2025 को जारी आदेश के तहत जिला स्तर से जारी तीन प्राचार्य एवं बारह उच्च माध्यमिक शिक्षकों के प्रशासनिक स्थानांतरण, 438 अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना तथा 139 छात्रावास अधीक्षकों की पदस्थापना के आदेश निरस्त कर दिए गए हैं।शासन की स्थानांतरण नीति वर्ष 2025 के अनुसार विभाग का कहना है कि किए गए स्थानांतरण नीति अनुरूप एवं निर्धारित प्रतिशत सीमा में थे। वहीं 438 अतिशेष शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण शासन के निर्देशानुसार किया गया था, जिसका स्थानांतरण नीति से कोई संबंध नहीं है। जिला प्रशासन का मत है कि आदेश के प्रभाव से जिले की अधिकांश शालाएँ पुनः एक शिक्षकीय अथवा शिक्षक विहीन स्थिति में चली जाएंगी। पूर्व में किए गए युक्तियुक्तकरण के दौरान 103 शालाएँ पूरी तरह शिक्षक विहीन तथा 396 शालाएँ एक शिक्षकीय स्थिति में थीं, जिन्हें सुधारने में दो से तीन माह का समय लगा था। यदि बीच सत्र में पुनः यह प्रक्रिया लागू की जाती है तो शैक्षणिक सत्र 2025-26 प्रभावित होगा और अधिकांश शिक्षकों की पदस्थापना उनके विकल्प अनुसार नहीं हो सकेगी।प्रशासन ने यह भी आशंका जताई है कि इस परिस्थिति में शिक्षक न्यायालयीन याचिकाएँ एवं अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, जिससे आगामी दो माह और व्यर्थ होंगे और जिले की शैक्षणिक व्यवस्था अव्यवस्थित हो जाएगी। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर डिंडोरी ने प्रमुख सचिव, जनजातीय कार्य विभाग, मध्यप्रदेश शासन को संपूर्ण स्थिति से अवगत कराते हुए आदेश पर पुनर्विचार कर मार्गदर्शन प्रदान करने का sप्रतिवेदन प्रेषित किया है।

# मजदूरों की मजदूरी हड़पी, अधूरे कामों का कराया फर्जी भुगतान



### सरपंच-सचिव पर ग्रामीणों का गंभीर आरोप

**डिंडौरी।** जनपद पंचायत बजाग अंतर्गत ग्राम पंचायत गीधा में भ्रष्टाचार और वित्तीय गड़बड़ी के गंभीर आरोप सामने आए हैं। समस्त ग्रामवासियों ने जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपकर वर्ष 2024-25 में कराए गए विकास कार्यों की जांच की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत क्षेत्र में सीसी रोड निर्माण कार्य में मजदूरों को नगद भुगतान का आश्वासन देकर काम कराया गया, लेकिन आज तक 64 मजदूरों को 19-19 दिवस का भुगतान नहीं हुआ। इसी तरह छापर नाला में नियम विरुद्ध 100 मीटर की दूरी पर दो चेक डेम्प बनवाए गए, जो गुणवत्ताहीन हैं और मजदूरी का भुगतान भी अटका हुआ है।इसके अलावा सोकता गड्ढा कार्य अधूरा होने के बावजूद भुगतान कर दिया गया। पुराने पंचायत भवन की नीलामी से प्राप्त 15 हजार रुपये, हाट-बाजार की नीलामी राशि और लिप्टिस पेड़ों की राशि पंचायत खाते में जमा न कर व्यक्तिगत उपयोग में ली गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच पार्वती बाई धूमकेती ने वार्ड पंचों के मानदेय की राशि अपने खाते में डाल ली, जबकि किसी भी पंच को मानदेय नहीं मिला। साथ ही खेत तालाब सहित अन्य निर्माण कार्यों में भी अनियमितता कर राशि का आहरण किया गया। ग्रामीणों ने मांग की है कि पंचायत के सभी कार्यों का भौतिक सत्यापन कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# अघोषित टैक्सी स्टैंड और अव्यवस्थित पार्किंग से नगरवासी हो रहे हैं परेशान

**डिंडौरी।** नगर में अव्यवस्थित वाहन पार्किंग और अघोषित टैक्सी स्टैंड की वजह से आम नागरिकों व राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।साहू मोहल्ला रोड पर टैक्सी वाहनों की कतार लग जाने से लोगों का चलना-फिरना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासी धर्मेंद्र साहू ने बताया कि गाड़ियों के खड़े होने से सड़क पर जाम की स्थिति बनती है। इस संबंध में कई बार पुलिस में शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसी तरह मुख्य मार्ग नाका से ब्लॉक ऑफिस तक सड़क किनारे खड़े वाहनों से यातायात बार-बार बाधित होता है। राहगीरों को जाम में फंसना पड़ता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।वहीं, उमरिया नाका पर खड़ी होने वाली यात्री बसों से भी यातायात व्यवस्था चरमराई हुई है। बड़े वाहनों की वजह से अन्य वाहनों का आवागमन प्रभावित हो रहा है और आसपास के दुकानदारों सहित मोहल्ले वासियों को दिक्कत



उठानी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की है कि नगर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाए जाएं। अघोषित टैक्सी व बस स्टैंड को हटाकर वाहनों के लिए निर्धारित पार्किंग स्थल उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही, ट्रैफिक पुलिस की नियमित गश्त और कड़ी कार्रवाई से ही नगरवासियों को इस समस्या से निजात मिल सकेगी।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का सातवां जिला सम्मेलन संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

अनूपपुर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का सातवां जिला सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव कामरेड अरविन्द श्रीवास्तव भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के 100 सालों के संघर्षों की इतिहास पर अपनी बात रखते हुए कहा कि पूर्ण स्वतंत्रता का नारा कम्युनिस्ट पार्टी ने दिया था। हम आधी अधूरी आजादी के खिलाफ थे, और उस समय जो राष्ट्रवादी आंदोलन से चल रहा था वह ब्रिटिश उपनिवेशवाद से कुछ सहूलितों की मांग कर रहे थे जिसे कम्युनिस्ट पार्टी ने इनकार कर दिया और आजादी के आंदोलन में जोर-शोर से हिस्सेदारी की हमारे लाखों लाख लोगो ने आजादी के लिए कुर्बानियां दी और आजादी के बाद





भी लगातार सांप्रदायिक और फासिस्ट ताकतों से कम्युनिस्ट पार्टी अपनी लड़ाई लड़ती रही उद्घाटन सत्र को प्रख्यात मजदूर नेता कामरेड अजीत जैन ने मजदूरों के आंदोलन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवाद को सिद्धांत को जानती है। जिसमें उन्होंने 'दुनिया की मजदूर एक हो'का नारा दिया मेहनतकश अवाम की सत्ता ही हमारा उद्देश्य है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की यह समझ है कि हमारी राजनीतिक विचारधारा कहती हैं जब तक इस देश में मेहनत करने वालों का राज नहीं होगा शोषण का तांडव जारी रहेगा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सहायक सचिव कामरेड हरिद्वार सिंह ने भी मजदूरों के आंदोलन पर विस्तृत प्रकाश डाला। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संयोजक कामरेड जनक राठौर ने आधार वक्तव्य में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की 100 सालों के इतिहास को रेखांकित किया उद्घाटन सत्र का संचालन कामरेड विजेंद्र सोनी एडवोकेट ने किया इसके बाद उद्घाटन सत्र के समापन की घोषणा की गई और उसके तत्काल बाद प्रतिनिधि सत्र प्रारंभ हुआ। सम्मेलन में संयोजक कामरेड जनक राठौर ने राजनीतिक और संगठनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की उपस्थित प्रतिनिधियों में से 15 प्रतिनिधि साथियों ने चर्चा में भाग लिया तत्पश्चात नए जिला परिषद का निर्वाचन किया गया जिसमें सचिवके रूप में कामरेड जनक राठौर, सहायक सचिव सुरेन्द्र सिंह टेकाम कोषाध्यक्ष डा असीम मुखर्जी चुने गए। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी का जिला कार्यालय का उद्घाटन भी राज्य सचिव अरविंद श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। जिला पार्टी का कार्यालय होटल मंदाकिनी के बगल में जैतहरी रोड अनूपपुर में स्थित है।

# यथास्थान में हो नवीन तहसील भवन निर्माण का कार्य-मनोज दुबे

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

भा.ज.पा नगर मंडल अनूपपुर के पूर्व महामंत्री मनोज दुबे ने कहा कि जिला मुख्यालय में तहसील भवन के निर्माण में हो रही लेट लतीफी को लेकर नागरिकों में असंतोष फैलता जा रहा है। पूर्व में नगर के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जिले के गणमान्य नागरिकों को वर्तमान स्थल पर ही नवीन तहसील भवन निर्माण का आश्वाशन दिया गया था जो आज तक प्रारंभ नहीं हुआ है। नागरिकों का कहना है कि निर्माण कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ नहीं हुआ तो हम जन आंदोलन समेत धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल भी करें।

### इधर पार्षद ने कहा पुराने स्थल पर ही बनेगा नया तहसील भवन

तहसील के नए भवन निर्माण को लेकर पिछले कुछ दिनों से चल रही



अफवाहों पर विराम लगाते हुए वार्ड पार्षद भाजपा नेता अनिल पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। उन्होंने बताया कि विगत दिनों उन्होंने अनूपपुर विधायक एवं प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह को ज्ञापन सौंपा था, जिसमें स्पष्ट मांग की गई थी कि तहसील का नया भवन पुराने तहसील परिसर वार्ड क्रमांक 9 में ही निर्मित किया जाए और इसे अन्यत्र स्थानांतरित न किया जाए। पटेल ने बताया कि विधायक बिसाहूलाल सिंह ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर से चर्चा की, जिसके बाद नए तहसील भवन का निर्माण पुराने परिसर में ही किए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टर ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता को जानकारी दी है कि भवन यथास्थान पर ही बनेगा। अनिल पटेल ने बताया कि विधायक से कल उनकी चर्चा हुई, जिसमें विधायक ने स्पष्ट किया कि ऐसा कोई आदेश जारी ही नहीं किया गया है, यह केवल एक कोरी अफवाह है। श्री पटेल ने कहा कि कुछ राजनीतिक स्वार्थ रखने वाले लोग जो अपनी राजनीति चमकाने के लिए यह भ्रम फैला रहे हैं कि तहसील भवन अन्यत्र स्थानांतरित किया जा रहा है। जबकि सच्चाई यह है कि तहसील भवन को कहीं नहीं ले जाया जा रहा है। अनिल पटेल ने जनता से अपील की है कि इस तरह की भ्रमित करने वाली अफवाहों पर ध्यान न दें।



# शहपुरा में पारंपरिक कुश्ती दंगल, विधायक ने विजेताओं का किया सम्मान

**शहपुरा- शहपुरा** नगर में आयोजित पारंपरिक कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों ने दमखम का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए कुल 31 पहलवानों ने अपने दांव-पेंच से अखाड़े में खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश धुर्वे एवं वेद कुलस्ते सहित अन्य आयोजकों ने विजेता पहलवानों को स्मृति चिन्ह और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान विजेताओं को फूल-मालाएं पहनाकर और शील्ड भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। प्रतियोगिता के कुमार वर्ग में ग्राम डुकरी धनगांव के दिनेश यादव विजेता बने, जबकि शहपुरा नगर के करन यादव उपविजेता रहे। वहीं शेरे-कुश्ती के खिताब के लिए शहपुरा नगर के राहुल और डुकरी धनगांव के सरवन ने शानदार मुकाबला पेश किया। मंच पर मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन स्थल पर क्षेत्रीय जनता की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे जोश व उत्साह के साथ पहलवानों का हौसला बढ़ाया। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रकार के पारंपरिक आयोजन न केवल युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करते हैं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को भी जीवित रखते हैं।



**कार्यालय नगर परिषद् शहपुरा जिला डिण्डौरी (म. प्र.)**
Email Id-cmoshahpuradidori@mpurban.gov.in

क्र./न.प./2025/584 **दावा आपत्ति सूचना** शहपुरा दिनॉक - 22/08/25

एतद् द्वारा सर्व संधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत नगर परिषद शहपुरा को आन लाईन पोर्टल से प्राप्त आवेदनो का संयुक्त सर्वेक्षण राजस्व एवं नगर परिषद से गठित दल द्वारा 79 हितग्राहियो मे से 04 हितग्राहियो द्वारा अपने आवेदन वापिस ले लिये गये है, शेष 75 हितग्राहियो मे से पात्र 42 तथा 33 अपात्र प्रथम दृष्ट्या पात्र-अपात्र हितग्राहियो की सूची संबंधी किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन दिनांक 22.08.2025 से दिनांक 05.09.2025 के भीतर कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी( रा. )तथा कार्यालय नगर परिषद शहपुरा मे मय दस्तावेज सहित कायार्लीन समय मे दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है ।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी प्रकार की दावा / आपत्ति पर कोई भी विचार नही किया जावेगा।

सूची का अवलोकन अनुविभागीय अधिकारी ( रा. कार्यालय / तहसील कार्यालय / नगर परिषद कार्यालय मे तथा सूचना पटल पर किया जा सकता है।

**सर्व संधारण सूचित होवे**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद् शहपुरा, जिला डिण्डौरी**

## खबर संक्षेप

### डॉ.मिश्रा ने सीएमएचओ का किया पदभार ग्रहण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** डा मनीष कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वह जिला चिकित्सालय जबलपुर में रेडियोलाजिस्ट् के पद पर कार्यरत थे। पदभार संभालने के बाद डा. मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न जनहितकारी योजनाओं पर चर्चा की।

### ब्रह्माकुमारीज में रक्तदान शिविर आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** ब्रह्माकुमारीज दिव्य संस्कार भवन पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर संस्थान द्वारा भारत और नेपाल में रक्तदान महाअभियान चलाया जाएगा।

### ब्रह्मलीन शंकराचार्य की 26 को भव्य शोभा यात्रा



**गोटेगांव।** अनंत श्री विभूषित श्रीमद जगद्गुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की भव्य शोभायात्रा एवं पालकी यात्रा दिनांक 26 अगस्त 2025 दिन मंगलवार को ज्योतिश्वर महादेव मेला प्रांगण से दोपहर 2:00 बजे प्रारंभ होगी! इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम सुबह 8:00 बजे शिवरात्रि 8:00 बजे तक आयोजित है जिसमें संतों के आशीर्वचन एवं सभी कार्यक्रम में द्वारकाशारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का व अग्नि पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमद् रामकृष्णनंद जी महाराज एवं पूज्य ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानंद जी महाराज का दिव्य सानिध्य सभी को प्राप्त होगा i पूज्य ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य जी महाराज की भव्य शोभायात्रा एवं पालकी यात्रा मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे मेला प्रांगण से प्रारंभ होगी जिसमें आप सभी धर्म प्रेमी जनता सादर आमंत्रित है उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाए जाने की अपील चतुर्मास समारोह समिति परमहंसी गंगा आश्रम की है i

### पुजारी उमाशंकर दुबे का स्वर्गवास

**गोटेगांव।** ग्राम कंजई के प्रतिष्ठित नागरिक कृषक शिवमकुमार सत्यम कुमार दुबे के परमपूज्य पिता उमाशंकरजी दुबे पुजारी का लगभग 65 वर्ष की आयु में अचानक हृदयगति रुक जाने की वजह से आकस्मिक निधन हो गया है, आप सहज सरल मिलन सार व्यक्तित्व के धनी थे, आपके निधन का समाचार प्राप्त होतेही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया।

### स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश सचिव बने किशोर राय



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उनके उत्तराधिकारियो के सम्मान हेतु निर्मित संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय सीतलानी इंदौर ने तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर के स्व रामचंद्र राय स्वतंत्रता संग्राम के सुपुत्र सक्रिय समाजसेवी किशोर राय को संगठन में प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। सेनानी परिवार की श्रीमती अर्चना जायसवाल की अनुशंसा पर प्रदेश महासचिव अशोक सिंधु ने यह नियुक्ति प्रदान की है।इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जन्मदिन पर रोपा पीपल और बरगद का पौधा



पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण की दिशा में इन दिनों पौधा रोपण का क्रम जारी है।लोग जन्मदिन विवाहोत्सव पुण्य स्मृति में वृक्षारोपण करने लगे हैं और उनका संरक्षण भी।इसी श्रंखला के चलते तेंदूखेड़ा के शासकीय महाविद्यालय परिसर में विगत दिनों क्षेत्र के विख्यात कथा वाचक पं रामनाथ शास्त्री के जन्मदिन पर पीपल का और प्रतिष्ठित बारोलिया परिवार के स्व श्री जगदीश बारोलिया की पुण्य स्मृति में बरगद का वृक्ष रोपा गया।इस मौके पर बड़ी संख्या में परिजन शुभचिंतक और श्री राम रसिया भक्त मंडल के सदस्य प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

## संस्कार भारती द्वारा इकोफ्रेंडली मूर्ति निर्माण कार्यशाला सम्पन्न

# प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग कर बनाई जा रही गणेश प्रतिमाएं






### 150 छात्राओं को सिखाया गया

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** संस्कार भारती नरसिंहपुर के तत्वावधान में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में इकोफ्रेंडली भगवान गणेश जी की मूर्ति निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में लगभग 150 छात्राओं ने प्रतिभागिता कर प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग कर मूर्तियों का निर्माण किया। इस अवसर पर शाला प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा ने इकोफ्रेंडली मूर्ति से पर्यावरण सुरक्षा के बारे में बताया। संस्कार भारती लोककला प्रान्त संयोजक सुमित दुबे ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा हमारे देश में गणेश उत्सव घर घर मे मनाया जाता है प्लास्टरॉप्रसिस की मूर्तियों से प्रकृति को बहुत नुकसान होता है इसलिए हम स्वयं अपने हांथो से इकोफ्रेंडली मूर्ति निर्माण कर अपने घरों में स्थापित कर घर पर ही विषर्जन कर प्रकृति की रक्षा करें।

कार्यशाला में प्रशिक्षक संस्कार भारती की दृश्य कला संयोजक श्रीमती अंजना पेठिया द्वारा शुद्ध मिट्टी की गणेश मूर्ति निर्माण की बारीकियों को बताते हुए बच्चों को मार्गदर्शन कर प्राकृतिक रंगों जैसे हल्दी,कुमकुम,सिंदूर व अनाज के दानों से मूर्ति की सज्जा कैसे की जाए भी बताया।प्रशिक्षण में छात्राओं ने बहुत उत्साह से प्रतिभागिता करते हुए सुंदर-सुंदर मूर्तियों का निर्माण किया। इस अवसर पर संस्कार भारती महामंत्री नवीन पांडे,मंचीय विधा संयोजक आशीष तिवारी,कविता रारोलिया,अंकित दुबे शाला परिवार से श्रीमती सीमा दुबे,नारायण सोनी,ऋतु चैकसे,नेहा पटैल, श्रीमती सरोज कतिया,स्मृति श्रीवास्तव,मधुलिका साव, योगिता चैबे समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# एबीपी ने कालेज में दिया धरना

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



गत दिवस अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थानीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में छात्राओं को अभद्र शब्दे कहनो को लेकर नाराज हो गए और कॉलेज मे प्राचार्य कक्ष के सामने धरना दिया गया। बताया गया कि महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा आपत्तिजनक शब्दों के प्रयोग किए जाने को लेकर धरना दिया गया। धरने के दौरान कार्यकताओं ने मांग रखी कि प्राध्यापक द्वारा सार्वजनिक रूप से माफी मांगे और ऐसी घटनाएं महाविद्यालय परिसर में ना हो। कार्यकर्ताओं की मांग पर आश्वासन दिया गया।

### अवकाश लेने से हुआ एस पी का स्थानांतरण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका 11.9.2024 को पदस्थ हुयी थीं। वहीं अब उनकी माताजी का स्वस्थ्य खराब होने कारण उन्होंने पुलिस मुख्यालय स्थानांतरण हेतु निवेदन किया गया था, साथ ही श्रीमति मृगाखी डेका 4 माह के सी.सी.एल. अवकाश पर भी हैं। उक्त कारणों से मध्यप्रदेश शासन के आदेश अनुसार पुलिस मुख्यालय स्थानांतरण किया गया है। इसी आदेश में पुलिस उपायुक्त, जोन-4 नगरीय पुलिस इंदौर के पद पर पदस्थ वर्ष 2019 के आई.पी.एस. ऋषिकेश मीना को नरसिंहपुर के पुलिस अधीक्षक पद पर पदस्थ किया गया है। वही जिले में आ रहे पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा से उम्मीद है कि वे जिले की कानून व्यवस्था पर विशेष जोर देंगे।

## शिक्षकों ने सीखने व सिखाने को लेकर साझा किए अपने अनुभव

### जन शिक्षा केन्द्रों में शिक्षकों का शैक्षिक संवाद कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन और सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार के मार्गदर्शन में जिले के समस्त 52 जन शिक्षा केन्द्र (क्लस्टर रिसोर्स सेंटर) स्तर पर कक्षा पहली व दूसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों की शैक्षिक तैयारी के लिए शैक्षिक संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रभारी जिला परियोजना समन्वयक मनीष चैकसे ने बताया कि जन शिक्षा केंद्रों पर कक्षा पहली व दूसरी के शिक्षकों के शैक्षिक संवाद कार्यक्रम के तहत शिक्षक जन शिक्षा केन्द्रों पर एकत्र होकर सीखने- सिखाने को लेकर अपने अनुभव साझा करे और अपनी तैयारी कर कक्षाओं में शैक्षिक समृद्धता स्थापित की जा सके।

इसी क्रम में जनपद शिक्षा केन्द्र नरसिंहपुर के अंतर्गत जनशिक्षा केंद्र शासकीय हाई स्कूल चंदन देवी रोसरा का शैक्षिक संवाद एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय रानी पिपरिया में आयोजित किया गया। स्वागत बोर्ड के माध्यम से सभी आंगतुकों के साथ कक्ष में प्रवेश किया। यहां शिक्षकों की अपनी कक्षाओं में शिक्षण संबंधी प्रतिदिन तैयारी और समस्याओं, कक्षाओं में सीखने- सिखाने की प्रक्रियाओं को और बेहतर अंजाम देने, स्वागत एवं एक गतिविधि- टूर पर जाने की तैयारी, प्रतिभागियों की अपेक्षाओं का संकलन, एजेंडा, विषय, उद्देश्य, एक डिजाइन सिद्धांत, शिक्षक संदशिका की संस्था व उपयोग पर चर्चा, पठन एवं शिक्षण अनुभव, कक्षा प्रबंधन, संवाद का समेकन एवं प्रतिभागियों द्वारा सीख साझा करना, एक- एक पाठ योजना से संबद्ध सहायक शिक्षक सामग्री का निर्माण व प्रस्तुतीकरण, फीडबैक फार्म भरवाने आदि गतिविधियों के संबंध में चर्चा की और अपने- अपने अनुभव साझा किए। जनशिक्षक आरपी शर्मा, संजय मेहरा, बीएसी ब्रजेश कुमार नेमा, जनशिक्षक प्रदीप मेहरा व संदीप भारिया ने शैक्षिक संवाद में अनुभव साझा किए और संवाद किया।

# एन सी सी कमान अधिकारी का वार्षिक निरीक्षण संपन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



1 एम पी बटालियन एन सी सी जबलपुर के कमान अधिकारी कर्नल समीर बोडस ने एम आई एम टी कॉलेज में संचालित एन सी सी कंपनी का वार्षिक निरीक्षण किया। कर्नल बोडस को एन सी सी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। महाविद्यालय के चेयरमैन इंजी. रुद्रेश तिवारी एवं प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग द्वारा सौजन्य भेंट की गई। एन सी सी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कर्नल बोडस ने सतत अध्ययन एवं जीवन में सफल होने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। अग्निवीर, सैन्य अधिकारी तथा एन सी सी सर्टिफिकेट परीक्षाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। एन सी सी ऑफीसर मेजर डॉ. पराग नेमा द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंपनी का वार्षिक प्रतिवेदन एवं कार्य योजना पर प्रकाश डाला गया। लेफ्टि. जितेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कमान अधिकारी से महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कराया गया।

### जिले में आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ

**नरसिंहपुर।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान में राष्ट्रीय मिशन विशेष रुप से पीएम-जनमन और धरती आबा योजना के माध्यम से जमीनी स्तर पर जनजातीय वर्ग में अमलचूल परिवर्तन लाना है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जिले में 73 गांवों को सम्मिलित किया गया है। इस योजना का उद्देश्य चयनित जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में जनजातीय परिवारों के लिए 18 विभागों मंत्रालयों की 25 योजनाओं से शत- प्रतिशत संतृप्ति की जाकर जनजातीय समुदायों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। इस अभियान का लक्ष्य शासन के सभी स्तरों पर 3 लाख पथ प्रदर्शकों का एक कैडर विकसित करना, विभिन्न विभागों के मध्य एकीकरण, जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण एवं विकास के लिए आदि सहयोगियों के समूहों का निर्माण, आदि साथियों के माध्यम से आधारभूत आवश्यकताओं की पहचान करना, साथ ही सभी महत्वपूर्ण सेवाओं की संतृप्ति करना है। जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक ने बताया कि 7 जिला स्तरीय एवं प्रत्येक विकासखंड में 5 मास्टर ट्रेनर्स का चयन किया गया है।



# निजी कंपनी के आफिस में जीएसटी कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस नगर में स्थित निजी कंपनी के कार्यालय मे जीएसटी विभाग द्वारा कारवाई की गई। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार यादव स्थिति निजी कंपनी के कार्यालय पर जीएसटी विभाग द्वारा छापामार कार्रवाई की गई । ज्ञात हो कि उक्त भवन मे आरव्हीआर कंपनी का कार्यालय संचालित जो वर्तमान नर्मदा चिनकी बैराज परियोजना मे डेम का निर्माण कर रही है। कंपनी द्वारा जीएसटी भुगतान मे गड़बड़ी की गई है जिस पर विभाग द्वारा कारवाई की जा रही है समाचार लिखे जाने तक जीएसटी विभाग की कार्रवाई जारी थी।

## विशेष बच्चों की सुविधा प्रदान करने के लिए आयोजित होंगे शिविर

**नरसिंहपुर।** विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान एवं आवश्यकता का आंकलन कर उन्हें आवश्यक सुविधायें प्रदान करने के लिए प्रत्येक विकासखंड मुख्यालयों पर माह अगस्त और सितम्बर में शिविरों का आयोजन किया जाना है। इसके लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। साथ ही एक दिवसीय शिविर के लिए विकासखंड स्तरीय क्रियान्वयन समिति का भी गठन किया गया है। जिला स्तरीय समिति की अध्यक्ष कलेक्टर और सचिव जिला शिक्षा अधिकारी होंगे। समिति में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, सहायक परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र एवं उपसंचालक जनसंपर्क को सदस्य बनाया गया है। इसी तरह एक दिवसीय शिविर के लिए विकासखण्ड स्तर क्रियान्वयन समिति में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नोडल होंगे। समिति में प्राचार्य विकासखंड स्तरीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी, विशेषज्ञ शिक्षक, डाइट-सदस्य, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, मोबाइल स्त्रोत सलाहकार जिला शिक्षा केन्द्र एवं महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को रखा गया है।

## राम का वनवास धर्म की रक्षा के लिए था और भरत का त्याग, भक्ति और भाईचारे की अद्वितीय मिसाल



**गोटेगांव**

विगतदिवस धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वतीजी महाराज ने अपने चातुर्मास प्रवचन माला में बताया भरत का तपस्वी संकल्प, श्रीराम के अडिग निश्चय को देखकर भरत का हृदय भर आया। उन्होंने कहा भैया, यदि आप अयोध्या नहीं चलेंगे, तो मैं अयोध्या में राजसी सुख भोगने योग्य नहीं हूँ। मैं आपके चरणों की प्रतीक खड़ाऊं ही लेकर लौटूंगा और उन्हीं के माध्यम से राजसिंहासन पर राज्य करूंगा। जब तक आप लौटकर नहीं आते, मैं तपस्वी जीवन व्यतीत करूंगा, कुटिया में रहूंगा, मृगचर्म बिछाऊंगा, जटाएं रखूंगा और साधारण भोजन करूंगा। यह कहकर भरत ने श्रीराम की खड़ाऊं उठाई और हृदय से लगाकर अयोध्या लौटने लगे। भरत ने अयोध्या पहुंचकर राज्य का संचालन तो रामजी की खड़ाऊं के नाम से किया, परंतु स्वयं नंदीग्राम नामक स्थान पर तपस्वी जीवन व्यतीत करने लगे। वे हर दिन खड़ाऊं की पूजा करते और प्रजाजन से कहते यह राज्य मेरा नहीं, मेरे प्रभु श्रीराम का है। मैं तो केवल सेवक हूँ। भरत के लौट जाने के बाद श्रीराम ने चित्रकूट में कुछ समय तक निवास किया। वहां उनके दर्शन हेतु अनेक ऋषि-मुनि, साधु-संत और जनसमूह आते रहे। किन्तु, उनके वनवास का समय लंबा था, इसलिए वे आगे दक्षिण दिशा में प्रस्थान करने लगे। मार्ग में विभिन्न आश्रमों में ऋषियों ने श्रीराम से निवेदन किया। प्रभु यहां दैत्य और राक्षस हमें बहुत कष्ट देते हैं। आप हमारे रक्षक बनें और यहां निवास करें।रामजी ने आश्वासन दिया कि जब तक मैं वन में हूं, तब तक आपको किसी प्रकार की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा राम और भरत, दोनों ही अदम्य आत्मबल और धर्मबल के प्रतीक हैं। राम का वनवास धर्म की रक्षा के लिए था और भरत का त्याग, भक्ति और भाईचारे की अद्वितीय मिसाल है।

### एक वृद्ध भक्त ने कहा

आज के युग में भाई-भाई संपत्ति के लिए लड़ते हैं, लेकिन राम-भरत ने दिखा दिया कि सच्चा भाई कौन होता है। इस कथा से हमें त्याग और प्रेम की प्रेरणा मिलती है।

# एक किमी सड़क ना बन पाने के कारण लगाना पड़ता है 15 किमी का चक्कर



**तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां सरकार के द्वारा संपूर्ण प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों को पक्के मुख्य सड़क मार्गो से जोड़ने की दिशा में प्रधानमंत्री सड़क या अन्य मदों से सड़कों का निर्माण किया जा रहा है लेकिन तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चांवरपाठा विकास के ग्राम ग्वारी और सर्रा के बीच में पड़ने वाली मात्र एक किलोमीटर टी सड़क ना बन पाने के कारण ग्रामीणों को 15 किमी का चक्कर लगाकर आना जाना करना पड़ता है।जिस कारण से लगभग 13 ग्रामों के लोग प्रभावित बनें हुए हैं। सर्रा से ग्वारी को जाने वाले इस सड़क मार्ग पर एक नाला भी पड़ता है।जिसकी पुलिया भी बही पड़ी है। मार्ग दल-दल में तब्दील बना हुआ है। ग्राम के प्रतिष्ठित विपिन राजपूत का कहना है कि लगातार 20 सालों से इस सड़क मार्ग की मांग करते चले आ रहे हैं। फिर भी कोई सुनने को तैयार नहीं है।इस मार्ग को बनने से ना केवल सर्रा ग्वारी के लोगों को फायदा होगा बल्कि सर्रा बंधी मदनपुर खेरुआ ढिलवार पीपरवानी खकरैडी ब्रह्मनी मर्रावन मनकापुर भामा और हीरापुर हीरापुर के लोगों को भी आवागमन में सुविधा हो सकेगी। अभी बरसात के दिनों में सर्रा और ग्वारी आने वाले लोगों को चक्कर लगाकर आना पड़ता है।

